## तेंदुलकर ने 44 रनों की इस पारी को क्यों बताया अपना फेवरिट




भारत वह मैच 8 रन से हार गया था। वर्षा–बाधित मैच में वेस्टइंडीज को 33 ओवर में 146 रन का टारगेट मिला था। भारत ने 48.3 ओवर में 179 रन पर ऑल आउट हो गई थी। ऐम्ब्रोस ने 4 और रोज ने तीन विकेट लिए थे वहीं बिशप और जिमी एडम्स ने एक–एक विकेट लिया था। वेस्टइंडीज ने यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। उसकी ओर से शिवनारायण चंद्रपॉल के 83 गेंदों पर 88 रन बनाए। वहीं ब्रायन लारा ने 25 रनों की पारी खेली।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सचिन तेंडुलकर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक हैं। कई यादगार पारियां हैं। पर सचिन ने एक ऐसी पारी को अपनी सबसे पसंदीदा पारियों में शामिल किया है जो शतक तो छोड़िए अर्धशतक भी नहीं है। यह पारी थी सचिन की वेस्टइंडीज के खिलाफ 1997 में त्रिनिदाद में खेली गई 44 रनों की पारी।

सचिन उस समय भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे। वेस्टइंडीज की उस टीम में कर्टली ऐम्ब्रोस, कर्टनी वॉल्शन, इयान बिसप और फ्रैंकलिन रोज जैसे तेज गेंदबाज थे। पोर्ट ऑफ स्पेन का वह विकेट भी काफी चुनौतीपूर्ण था। हालांकि सचिन ने यह भी बताया कि अंपायर ने गलती से उन्हें आउट दिया था। सचिन ने क्रिकेट वेबसाइट से कहा, एक अन्य पारी जो मुझे काफी पसंद है वह वेस्टइंडीज और भारत के बीच 1997 में त्रिनिदाद में खेली गई पारी थी। उन्होंने कहा, मैंने जवाबी अटैक कर 44 रन बनाए। इसके बाद एम्ब्रोस की गेंद पर मुझे विकेटकीपर के हाथों कैच आउट दे दिया गया। हालांकि गेंद मेरे बल्ले से नहीं लगी थी। यह वर्षा–बाधित मैच थी और हम हार गए थे लेकिन जिन हालात में मैंने बैटिंग की वे काफी मुश्किल थे। मैं इसे अपनी पसंदीदा पारी में शामिल करूंगा।

# आईपीएल में खेलने को उत्सुक हैं पैट कमिंस

**क्रिकेट**

■इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं

■कोरोना वायरस की वजह से दर्शकों का स्टेडियम आना भी मुश्किल

## महंगे बिके पैट कमिंस पर केकेआर ने लगाई थी सबसे बड़ी बोली




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग कोरोना वायरस के बाद क्रिकेट को दोबारा शुरू करने का शानदार तरीका होगा। इस बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट से इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में भी मदद मिलेगी।

कमिंस को आईपीएल की नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 15 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा था, जिससे वह आईपीएल के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे। इस 27 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि वह टीम के मालिकों के संपर्क में हैं और उन्हें इस साल टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। कमिंस ने गुरुवार को कहा, 'मैं जब भी वहां टीम के मालिकों या स्टाफ से बात करता हूं तो उन्हें अब भी विश्वास है कि इस साल टूर्नामेंट का आयोजन हो पाएगा।' उन्होंने कहा, 'कई व्यावहारिक कारणों से मैं इसमें खेलने के लिए उत्सुक हूं, उम्मीद करता हूं कि इसका आयोजन होगा।'

कोविड–19 महामारी के कारण दुनिया भर में तीन लाख से अधिक लोगों की जान गई है और क्रिकेट सहित लगभग सभी खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हैं। कमिंस ने कहा, 'यह (आईपीएल) क्रिकेट में वापसी (कोविड–19 के कारण रुकावट के बाद) का शानदार तरीका हो सकता है। यह टी20 है, आपके शरीर के लिए कठोर भी नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'विश्व कप भी खेला जाना है इसलिए जितना अधिक शीर्ष स्तर के टी20 टूर्नामेंट में खेला जाएगा उतना शानदार होगा।' आईपीएल का 13वां सत्र मार्च के अंत में शुरू होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस महामारी के कारण ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर भी अनिश्चितता है।

# मानसून के बाद ही शुरू हो सकता है क्रिकेट, आईपीएल पर उम्मीदें कायम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■क्रिकेट और आईपीएल पर जोहरी का बड़ा बयान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जोहरी ने कहा है कि गंभीर क्रिकेट गतिविधियां मानसून के बाद ही शुरू हो पाएंगी, लेकिन वह इस साल इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर 'आशावादी' हैं। जोहरी ने दोहराया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोच्च है और कोविड–19 महामारी के कारण अभूतपूर्व सुरक्षा संकट के बीच यह फैसला व्यक्तिगत खिलाड़ियों पर छोड़ा जाना चाहिए कि उनके लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है।

ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी मीडिया द्वारा बुधवार को आयोजित वेबिनार के दौरान जोहरी ने कहा, 'प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सुरक्षा पर फैसला करने का अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'इस पूरे मामले में भारत सरकार हमारा मार्गदर्शन करेगी, हम सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करेंगे... व्यावहारिक रूप से गंभीर क्रिकेट गतिविधियां मानसून के बाद ही शुरू हो पाएंगी।'

भारत में मानसून जून से सितंबर तक रहता है। इस तरह की अटकलें हैं कि अगर ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप को स्थगित किया जाता है तो आईपीएल का आयोजन अक्टूबर–नवंबर में किया जा सकता है। जोहरी ने कहा, 'उम्मीद करते हैं कि चीजों में सुधार होगा तथा और अधिक विकल्प मिलेंगे जो हमारे नियंत्रण में होंगे और हम इसके अनुसार फैसले करेंगे।'

आईपीएल के संदर्भ में जोहरी ने कहा कि वह सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट कराने के पक्ष में नहीं है जो सुझाव महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पाबंदी के कारण दिया गया था। लेकिन उन्होंने कई समस्याओं की जानकारी दी जिनका सामना संक्रमण के खतरे को न्यूनतम करने के लिए नए सुरक्षा नियमों का पालन करने के कारण करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल का मजा ही यह है कि दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यहां आकर खेलते हैं और सभी इस महत्व को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेशक यह चरण दर चरण चलने वाली प्रक्रिया होगी इसलिए आप कल ही चीजों के सामान्य होने की उम्मीद नहीं कर सकते।'

## राहुल फौरी राहत सरीखे, पंत में प्रतिभाः पार्थिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी की गैरमौजूदगी में केएल राहुल टीम के लिए फौरी राहत की तरह हैं। पार्थिव ने एक डिजिटल प्रोग्राम में वनडे और टी20 में भारतीय टीम के विकेटकीपर को लेकर चर्चा की। पार्थिव ने कहा, 'इस समय राहुल काम कर रहे हैं, मुझे लगता है कि अगर आप वर्ल्ड कप के बारे में सोच रहे हैं तो राहुल आपके लिए फौरी राहत की तरह हैं। वर्ल्ड कप तक वो अच्छा काम करेंगे इसमें कोई शक नहीं है।' उन्होंने कहा, 'ऋषभ पंत में निश्चित तौर पर प्रतिभा है इसमें कोई शक नहीं। अगर मैं उनकी जगह अपने आप को रखूं तो जब मैं 17–18 साल का था मेरी सीरीज अच्छी नहीं रही थी। मैं घरेलू क्रिकेट में वापस गया और कुछ साल वहां खेला जिससे मुझे मदद मिली। मैं जब भी पंत से मिलता हूं तो यही कहता हूं कि लोग आपके बारे में इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि आपमें प्रतिभा है। अगर आपमें प्रतिभा नहीं होती तो लोग आपके बारे में बात नहीं कर रहे होते, इसलिए इस बात को ध्यान में रखें।

## न्यूज डायरी




### रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे 'रेड जोन' में, ट्रेनिंग के लिए करना होगा इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। हिटमैन रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे जैसे शीर्ष क्रिकेटरों को शहर में व्यक्तिगत ट्रेनिंग शुरू करने के लिए और अधिक इंतजार करना होगा। यह क्षेत्र कोरोना 'रेड जोन' में हैं जहां फिलहाल खेल सुविधाओं को खोलने की स्वीकृति नहीं है। महाराष्ट्र सरकार ने 'ग्रीन और ऑरेंज जोन' में व्यक्तिगत ट्रेनिंग के लिए दर्शकों के बिना स्टेडियम खोलने की इजाजत दे दी है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अधिकारी ने कहा, 'हम स्टेडियमों और खेल सुविधाओं को खोलने से संबंधित राज्य सरकार के नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे।' एमसीए के पास तीन ग्राउंड हैं– वानखेड़े स्टेडियम, बांद्रा कुर्ला परिसर और सचिन तेंडुलकर जिमखाना लेकिन सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार ये सब बंद रहेंगे। ब्रेबोर्न स्टेडियम में भी प्रैक्टिस शुरू नहीं हो सकती जो मरीन ड्राइव पर स्थित है। क्रिकेट क्लब आफ इंडिया (सीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गतिविधियां दोबारा शुरू करने के लिए उन्हें सरकार के आदेशों का इंतजार है।

### साई के बेंगलुरु सेंटर में कोविड–19 से रसोइए की मौत, ट्रेनिंग रुकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरु केंद्र में खिलाड़ियों को बाहर ट्रेनिंग करने के लिए और इंतजार करना होगा, क्योंकि इस केंद्र के एक रसोइए की मौत हो गई है, जिसका बाद में कोविड–19 का टेस्ट पॉजिटिव आया। इस केंद्र में 25 मार्च से ही कई खिलाड़ी रह रहे हैं। इस केंद्र में भारत की महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के अलावा 10 ऐथलेटिक्स खिलाड़ी भी हैं। इस हादसे का मतलब है कि खिलाड़ियों को अब अपने कमरों में ही रहना होगा और प्रोटोकॉल के मुताबिक केंद्र को सैनेटाइज किया जाएगा। यह हादसा तब हुआ जब खेल मंत्रालय और साई बेंगलुरु और पटियाला केंद्र में खिलाड़ियों की ट्रेनिंग दोबारा शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं और कर भी चुके हैं। साई ने हालांकि उन खबरों को गलत बताया है, जिसमें कहा जा रहा है कि इस रसोइए के साथ हुई बैठक में तकरीबन 30 लोगों ने हिस्सा लिया। साई ने कहा है, उस बैठक में मरने वाले शख्स को मिलाकर पांच लोग थे। इसलिए बाकी के चार लोगों को क्वारंटीन में भेजा गया है।

### हरभजन नहीं, युवराज और मोहम्मद शमी ट्विटर पर करते हैं अफरीदी को फॉलो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी का सोशल रिलेशन अब भी बरकरार है। वे दोनों एक–दूसरे को ट्विटर पर फॉलो करते हैं। अफरीदी को फॉलो करने वालों में मोहम्मद शमी भी शामिल हैं। हरभजन नहीं, लेकिन युवराज और मोहम्मद शमी ट्विटर पर करते हैं शाहिद अफरीदी को फॉलोपाकिस्तानी बड़बोले क्रिकेटर शाहिद अफरीदी अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। पीएम मोदी को बुराभला कहने के बाद भारत में करीबी दोस्त माने जाने वाले हरभजन सिंह (भ्तीईरंद`पदही) और युवराज सिंह खुलकर उनके खिलाफ सामने आए थे। उन दोनों ने भविष्य में कभी भी शाहिद से दोस्ती नहीं रखने की बात भी कही थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर हरभजन सिंह ने अफरीदी को अनफॉलो कर दिया था, लेकिन युवराज का पाक क्रिकेटर के साथ सोशल रिलेशन अब भी बरकरार है।

### पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज सईद अनवर ने बनाए थे 194 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज सईद अनवर ने आज ही के दिन सन 1997 में इतिहास रच दिया था। चेन्नै में भारत के खिलाफ हुए वनडे इंटरनैशनल मुकाबले में उन्होंने 194 रनों की पारी खेली थी। अनवर के 194 उस समय वनडे इंटरनैशनल का सबसे बड़ा निजी स्कोर था। उन्होंने विवियन रिचर्ड्स के 189 रनों को पीछे छोड़ा था जो उन्होंने 1984 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए थे। अनवर ने अपनी पारी में 22 चौके और पांच छक्के लगाए। तीन तो लगातार अनिल कुंबले की गेंद पर लगाए गए। अनवर जब 200 रन पूरे करते जनर आ रहे थे जब सचिन तेंडुलकर की गेंद पर वह सौरभ गांगुली के हाथों कैच आउट हो गए।